# करोड़ों की चोरी में शामिल दो पारदी शिकंजे में

## चक चुरेला की बहुचर्चित चोरी मामले में बड़ा खुलासा

- ड्रोन से तलाशी, 15 जिलों की खाक छानी
- लगभग डेढ़ करोड़ के जेवर भी बरामद

नवभारत न्यूज

**गुना 9 अगस्त. जिले में हुई बहुचर्चित एवं चुनौतीपूर्ण चोरी की वारदात का गुना पुलिस ने महज 6 दिनों के भीतर सनसनीखेज पदार्फाश कर दिया है। तकनीकी साक्ष्यों, वैज्ञानिक विवेचना और मजबूत मुखबिर तंत्र के बल पर पुलिस ने न सिर्फ वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह को बेनकाब किया, बल्कि 1.47 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के जेवरात बरामद कर अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।**



बात 02-03 अगस्त 2026 की दरमियानी रात की है, जब फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चक चुरेला निवासी बाबूलाल मीना के घर में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला। चोर पूरे घर में रखी भारी-भरकम तिजोरी ही उखाड़ ले गए। इस तिजोरी में करीब 2 से 2.5 किलोग्राम सोने के जेवर, 3 किलोग्राम चांदी, 11.50 लाख रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल रखी थी। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फतेहगढ़ थाने में धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपियों की पहचान होते ही गुना पुलिस की टीमों ने हवा की रफ्तार से जाल बिछाया। आरोपियों के संभावित ठिकानों, रिश्तेदारों और छिपने की जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की गई। मध्यप्रदेश और राजस्थान के 15 से अधिक जिलों की खाक छानी गई।

मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी, विदिशा, उज्जैन, रतलाम, राजगढ़, भोपाल, इंदौर, शाजापुर, देवास, श्योपुर से लेकर पड़ोसी राज्य राजस्थान के बारां, कोटा, झालावाड़, छबड़ा और कवई तक पुलिस की विशेष टीमों ने दिन-रात एक कर दिया। फील्ड ऑपरेशन के दौरान सैकड़ों संदिग्धों से पूछताछ की गई.

**2 गिरफ्तार, 1.47 करोड़ का सोना बरामद**

लगातार 6 दिनों की अटूट मेहनत, फील्ड ऑपरेशन और सतर्कता का सुखद परिणाम 08 अगस्त 2026 को सामने आया। पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर दो मुख्य आरोपियों को धर दबोचा। इनके नाम राजू पारदी (उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम कनेरा, थाना धरनावदा, गुना), गजानंद पारदी (उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम कनेरा, थाना धरनावदा, गुना) बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक गहन पूछताछ में दोनों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की बात कबूल कर ली. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 985.150 ग्राम वजन के सोने के जेवरात बरामद किए.

# जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे लोग

## नदी-नाले उफान पर, प्रशासन की चेतावनी के बावजूद नहीं मान रहे लोग

**विदिशा, 9 अगस्त. पठारी लंबे इंतजार के बाद क्षेत्र में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है. शनिवार से लगातार हो रही बारिश के चलते पठारी क्षेत्र के नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है और कई नदी-नाले उफान पर आ गए हैं.**

ऐसे में लोगों द्वारा जान जोखिम में डालकर तेज बहाव वाले पुलों को पार करने के मामले सामने आ रहे हैं.कांकलखेड़ी-बगरू नदी के पुल पर पानी पहुंच गया है. वहीं पठारी-छपारा मार्ग पर रेहटी नदी के पुल पर भी पानी बह रहा है. इसके बावजूद लोग अपने वाहनों और पैदल पुल पार करते नजर आ रहे हैं. लगातार बारिश के कारण नदी का बहाव बढ़ता जा रहा है, जिससे किसी भी समय स्थिति गंभीर हो सकती है.



**चंद मिनट बचाने के लिए जोखिम**

बारिश के मौसम में नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ना कोई नई बात नहीं है. तेज बहाव के बीच पुल या रपटे को पार करना कई बार जानलेवा साबित हो चुका है. पानी की गहराई और बहाव का अंदाजा ऊपर से लगाना मुश्किल होता है और अचानक बढ़ा पानी वाहन या व्यक्ति को अपने साथ बहा सकता है.इसके बावजूद कुछ लोग चंद मिनट बचाने के लिए तेज बहाव के बीच नदी पार करने का जोखिम उठा रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा लगातार सावधानी बरतने की अपील की जाती है, लेकिन इसके बावजूद लोग चेतावनी को नजरअंदाज कर रहे हैं. क्षेत्र में लगातार बारिश को देखते हुए नदी-नालों के आसपास विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है.

# बेगमगंज क्षेत्र में भारी वर्षा से कई जगह जलभराव

- बाढ़ जैसे हालात, प्रशासन सतर्क
- बीना, सेमरी नदी उफान पर होने से कई रास्ते बंद

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 9 अगस्त. पिछली रात से लगातार हो रही कभी तेज तो कभी मध्यम वर्षा से नगर सहित क्षेत्र में कई जगह जलभराव होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है.**

नगर के कुछ वार्डों सहित आसपास दोनों नदियों सेमरी एवं बीना के दायरे में आने वाले गांवों में भी चारों ओर पानी -पानी हो गया है. जिसके कारण रहवासी अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं. नगर के मुकरबा, माला फाटक, महादेवपुरा, अयोध्या नगर, पलकमती, दशहरा मैदान के पीछे , चुरक्का , ईश्वर नगर इत्यादि में जलभराव होने से 3 फीट पानी भरने से कई घरों के अंदर भी पानी भरा हुआ है और सड़कों पर तो टखनों से ऊपर पानी बह रहा है. बीना नदी एवं सेमरी नदी उफान पर होने से नैनविलास, रहटवास, बर्री कला, बर्री खुर्द से विनायकपुर, मूड़ला चावल, ढिमरोली जाने वाले रास्ते बंद हो गए हैं.

## पारिवारिक विवाद में पत्नी व पुत्र पर जानलेवा हमला

**भैरुंदा.** पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी और बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला करने के मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी जब्त की है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे उपजेल भेजा गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हाथीघाट निवासी सुनील धनवारे ने गत दिवस रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 12.30 बजे वह अपनी मां लक्ष्मीबाई और बहन सविता के साथ कमरे में सो रहा था. इसी दौरान उसके पिता चंपालाल धनवारे वहां पहुंचे और शाम को हुए विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे.

# जनविश्वास अभियान में टीकमगढ़ अव्वल

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़, 9 अगस्त. मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की शुरूआत में ही टीकमगढ़ ने बाजी मार ली है। इस अभियान में टीकमगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंचा है। इसीलिए अब इस जिले में आने का मन मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बना लिया है। खबर है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव आने वाली 21 अगस्त दिन शुक्रवार को जन विश्वास अभियान के कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह टीकमगढ़ जिले में आकर लोगों की समस्याएं सुनेगे। जहां जनता की समस्याओं को सीधे सुन मौके पर ही निराकरण करने का कार्य करेंगे.**



दरअसल मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है. इस अभियान के तहत लगाए गए शिविरों में कुल 410 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया. कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जानकारी दी कि आगामी मंगलवार को बल्देवगढ़ में जन विश्वास शिविर आयोजित किया जाएगा. इसी प्रकार, प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह ऐसे शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा.

# सवा करोड़ की ठगी करने वाला आरोपी पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अगस्त. शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में भारी मुनाफा दिलाने का लालच देकर एक युवक से 1 करोड़ 27 लाख 44 हजार 420 रुपये की ठगी करने के मामले में मोतीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है.**

पुलिस ने मामले के आरोपी हरमिंदर सिंह, निवासी चंडीगढ़, पंजाब को दबिश देकर गिरफ्तार किया है. आरोपी को सागर लाने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया. पुलिस ने आरोपी से जुड़े बैंक खातों की जांच के दौरान करीब 20 लाख रुपये की राशि रिकवर की है.

पुलिस अब आरोपी के अन्य बैंक खातों और लेन-देन की भी जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार अहमदनगर वार्ड निवासी ऋद्धार्थ सिंह की मुलाकात चंडीगढ़ निवासी हरमिंदर से हुई थी. हरमिंदर ने खुद को शेयर मार्केट में निवेश और उससे बेहतर रिटर्न दिलाने में सक्षम बताते हुए ऋद्धार्थ को निवेश के लिए प्रेरित किया था.

# अंधे कत्ल का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**उदयपुरा, 9 अगस्त. उदयपुरा पुलिस ने ग्राम सौजनी में हुई जुगल किशोर रघुवंशी की हत्या के अंधेकत्ल का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फर्सा एवं लकड़ी की पाटी बरामद की है.**




पुलिस के अनुसार 4 अगस्त को फरियादी चन्दन सिंह रघुवंशी, निवासी वार्ड नंबर 02 उदयपुरा द्वारा थाना उदयपुरा में सूचना दी गई कि उनका भांजा जुगल किशोर रघुवंशी खेत में रखवाली करता था. सुबह करीब 05:15 बजे वह खेत में खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला. उसके गर्दन एवं शरीर पर धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान थे. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया. पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों, राहगीरों एवं झोपड़ियों में रहने वाले लोगों से पूछताछ की गई. साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए. पुलिस ने संदेह के आधार पर ग्राम सौजनी निवासी अरविंद मेहरा एवं दीपक मेहरा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई.

# देर रात होटल में भीषण आग लगने से नुकसान

**सीहोर, 9 अगस्त. सराय स्थित होटल नाज में देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया. आग की लपटें और धुआं उठता देख तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आग पर काबू पाया.**



जानकारी के अनुसार सराय क्षेत्र स्थित होटल से बीती देर रात धुएं का गुबार निकलने लगा, जो देखते ही देखते आग की लपटों में बदल गया. खबर मिलते ही नपा के फायर चालक आरिफ खान और फायरमैन कमरुद्दीन घटनास्थल पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया. हालांकि तब तक होटल का काफी सामान जलकर खाक हो चुका था. होटल मालिक के अनुसार इस हादसे में लगभग 1 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है. राहत की बात यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया.

# कंटेनर में फंसकर बाइक, मासूम की मौत

- 45 मिनट देरी से पहुंची एम्बुलेंस
- सांस नली से निकला गोबर-कीचड़, नहीं बचा सके जान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 अगस्त. खिलचीपुर हाईवे पर रविवार दोपहर हुए दर्दनाक हादसे में 4 साल के बच्चे की मौत हो गई. दोलाज गांव के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी.**



बाइक पर बैठी महिला उछलकर दूर जा गिरी, जबकि उसका पति और 4 साल का बेटा बाइक समेत कंटेनर के नीचे फंस गए. चालक ने वाहन रोकने के बजाय दोनों को करीब 100 फीट तक घसीट दिया. चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला.हादसे के बाद ग्रामीणों ने कंटेनर के नीचे फंसे पिता-पुत्र को बाहर निकाला. अस्पताल में 4 साल के रविराज की हालत बेहद गंभीर थी. डॉक्टरों के मुताबिक, हादसे में सिर पर चोट लगने के साथ बच्चे ने कीचड़ और गोबर एस्पिरेट कर लिया था. डॉक्टरों ने उसकी सांस की नली से कीचड़ और गोबर निकाला. उसे ऑक्सीजन दी गई. हालत बिगड़ने पर महिला डॉक्टर ओशिन रेड्डी ने करीब 15 मिनट तक CPR दिया, लेकिन बच्चे की जान नहीं बच सकी.

**परिजनों का आरोप**

हादसे के बाद बच्चे समेत तीनों घायलों को हायर सेंटर ले जाने की जरूरत थी. अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, 108 एंबुलेंस के लिए, अस्पताल के स्टाफ ने तीन बार फोन किया, लेकिन करीब 45 मिनट तक एंबुलेंस नहीं पहुंची. डॉक्टरों ने एंबुलेंस का इंतजार करते हुए अस्पताल में ही बच्चे को बचाने के लिए उपचार जारी रखा.

# स्टॉपडेम निर्माण में अनियमितता तत्कालीन सचिव निलंबित

नवभारत न्यूज

**सिरोंज. सिरोंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत घोंसुआताल में मनरेगा से स्वीकृत स्टॉपडेम निर्माण में वित्तीय अनियमितता सामने आने पर जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने तत्कालीन पंचायत सचिव सोहेल खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**

जांच प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2023-24 में 14.87 लाख रुपये की लागत से स्टॉपडेम स्वीकृत हुआ था, लेकिन मौके पर करीब 1 लाख रुपये का ही कार्य पाया गया. इसके बावजूद मजदूरी मद में 2.78 लाख और सामग्री मद में 10.77 लाख रुपये का भुगतान किया गया. जांच में राशि का अनाधिकृत भुगतान किए जाने की पुष्टि होने पर वसूली योग्य राशि निर्धारित की गई है.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरोंज द्वारा भेजे गए जांच प्रतिवेदन के आधार पर सोहेल खान के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई. पंचायत सेवा नियमों के उल्लंघन और गंभीर वित्तीय अनियमितता के चलते उन्हें निलंबित किया गया है.

# सड़क खोदने वालों ने फोड़ी पानी की नस

## खुदाई में बार- बार क्षतिग्रस्त हो रही पार्वती नल जल योजना की पाइप लाइन, जल प्रदाय प्रभावित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 अगस्त. शहर में एक ओर लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जलप्रदाय व्यवस्था को बेहतर बनाने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सड़कों की बेतरतीब खुदाई के कारण बार-बार पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो रही है.**

पाइपलाइन फूटने से हजारों लीटर पानी नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है और इसका सीधा असर शहरवासियों के जलप्रदाय पर पड़ रहा है. कुछ महीनों में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है.



बीती रात लुनिया चौराहे के समीप गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए की जा रही खुदाई के दौरान मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई. रविवार सुबह जब जलप्रदाय के लिए वाल्व खोले गए तो क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से पानी तेजी से बहने लगा। देखते ही देखते हजारों लीटर पानी नालियों में पहुंच गया.

**इनका कहना है**


गैस कनेक्शन के लिए गैस कंपनी द्वारा बीती रात लुनिया चौराहा के समीप खुदाई की जा रही थी. जिसकी वजह से पाइपलाइन फूट गई थी. उसे रिपेयर किया जा रहा है.

**सुधीर कुमार,**
सीएमओ, नपा सीहोर

# सड़क हादसे में दो की मौत

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़, 9 अगस्त. टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर शनिवार देर रात सड़क हादसे में पत्नी-बेटे की की मौत हो गई। महिला का पति गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे प्राथमिक इलाज के बाद झांसी रेफर किया गया है। हादसा दिगौड़ा थाना क्षेत्र में भाई के ढाबे के पास हुआ।**



जानकारी के अनुसार, राजेश राय 34 बाइक से पत्नी वर्षा 32 और बेटे मयंक राय 10 के साथ गांव बछौंडा जा रहे थे। इसी दौरान भाई के ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए ।राजेश के भाई रामकृपाल राय ने बताया कि भाई जतारा एसडीएम कार्यालय में चपरासी हैं और टीकमगढ़ के कुंवरपुरा रोड पर किराए के मकान में रहते हैं। मां को बिच्छू ने काट लिया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद भाई पत्नी और बेटे के साथ मां को देखने गांव जा रहे थे। मौके पर मौजूद लोगों से हादसे की जानकारी मिली। परिजन और दिगौड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची.

**मनमोहक दृश्य** — करीब 100 फीट की ऊंचाई से गिरती दूधिया धार बनी आकर्षण का केंद्र



# मृगन्नाथ धाम का झरना पर पर्यटकों का सैलाब

नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़ 9 अगस्त, हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध मृगन्नाथ धाम का प्राकृतिक झरना अच्छी बारिश के बाद रविवार को पूरे वेग से बह उठा. करीब 100 फीट की ऊंचाई से गिरती झरने की दूधिया धार और आसपास की हरी-भरी पहाड़ियों का मनमोहक दृश्य पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा. रविवार को मौसम सुहाना होने के कारण विदिशा जिले के अलावा आसपास के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ मृगन्नाथ धाम पहुंचे.**

बारिश के बाद मृगन्नाथ धाम की पहाड़ियों और आसपास के जंगलों में हरियाली छा गई है. इसी प्राकृतिक वातावरण के बीच चट्टानों से तेज गति से नीचे गिरता झरना लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है. झरने को देखने पहुंचे पर्यटकों ने प्राकृतिक सौंदर्य का जमकर आनंद लिया. कई लोगों ने झरने के पास खड़े होकर मोबाइल कैमरों से फोटो और वीडियो बनाए तथा इन यादगार पलों को अपने परिवार और दोस्तों के साथ साझा किया.

रविवार को सुबह से ही मृगन्नाथ धाम की ओर पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था. दोपहर तक यहां बड़ी संख्या में लोग नजर आए. परिवारों के साथ युवा और बच्चों ने भी झरने और पहाड़ियों के प्राकृतिक नजारों का आनंद लिया. बारिश के कारण मौसम में ठंडक होने से पर्यटकों को यहां का वातावरण खासा पसंद आया.स्थानीय लोगों के अनुसार मृगन्नाथ धाम का झरना बारिश के मौसम में अपने पूरे शबाब पर आता है.

अच्छी बारिश होने पर पहाड़ी से बहने वाला पानी तेज धार का रूप ले लेता है और करीब 100 फीट की ऊंचाई से गिरने वाला झरना बेहद आकर्षक नजर आता है. यही कारण है कि हर साल बारिश के मौसम में आसपास के क्षेत्रों से लोग यहां प्राकृतिक सौंदर्य देखने पहुंचते हैं. मृगन्नाथ धाम में प्राकृतिक सौंदर्य के साथ झरना और हरी-भरी पहाड़ियां पर्यटकों के लिए खास आकर्षण हैं.

# 'स्मार्ट सड़क' पर निकाली भड़ास



**ब्यावरा 09 अगस्त, का. बीते 24 घंटे से रिमझिम बारिश का दौरा लगातार जारी है. इस बरसात ने लोगों को राहत दी है लेकिन परेशानियां भी सामने आने लगी है.**

नगर के पॉश ईलाकों में शामिल कर्मचारी कॉलोनी में सड़कों की हालत खराब है. थोड़ी सी बरसात में सड़क के गड्ढों में पानी ने कीचड़ का रूप ले लिया है. यहां घरों के बाहर नालियों की व्यवस्थित निकासी नहीं है और सड़कें भी खराब है. ऐसे में नागरिकों ने सड़कों को लेकर अपनी भड़ास सोशल मीडिया पर निकाली है. सड़क को स्मार्ट सड़क, लेक व्यू अपार्टमेंट जैसे शब्दों से सुशोभित किया जा रहा है. एड्वोकेट जगदीश पुष्पद ने अपने फेसबुक अकाउंट पर इसकी शिकायत की है. सड़कों पर पानी भरा है और कीचड़ तेज बारिश में घरों के सामने जमा हो रहा है. हालांकि यह स्थिति नगर के अधिकांश हिस्सों की है. इस कॉलोनी में अधिकांश चिकित्सक, शिक्षक, प्रोफेसर, शासकीय कर्मचारी, व्यापारी निवास करते है. सभी ने व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की है.